मार्को ने हासिल की मोटो जीपी भारत की पहली पोल पोजीशन

क्वालीफाइंग रेस में निकाला 1:43:947 मिनट का समय, आज फाइनल

अमर उजाला ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। इटली के मार्को बेज्जेच्ची ने मोटो जीपी भारत की पहली पोल पोजीशन हासिल कर ली है। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) ट्रैक पर शनिवार को क्वालीफाइंग रेस में 1:43:947 मिनट का समय निकालते हुए पहले नंबर पर रहे। दूसरे नंबर पर स्पेन के जे मार्टिन रहे और तीसरे नंबर पर इटली के ही मौजूदा विश्व चैंपियन फ्रांसेस्को बगानिया रहे।

देश में पहली बार हो रही मोटो जीपी के मुकाबले को देखने के लिए शनिवार को बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। रविवार को खिताबी मुकाबले में अपनी बादशाहत कायम करने के लिए ये खिलाड़ी दम दिखाएंगे।

मोटो जीपी के दूसरे दिन क्वालीफाइंग-1 और क्वालीफाइंग-2 के मुकाबले हुए। इसके अलावा मोटो-2 और मोटो-3 के भी क्वालीफाइंग मुकाबले हुए। शुक्रवार को प्रैक्टिस सेशन में मार्को बेज्जेच्ची का दिन खराब रहा। वह रेस पूरी नहीं कर पाए थे। इस वजह से शनिवार की मोटो जीपी क्वालीफाइंग-1 में हिस्सा लेना पड़ा। शनिवार को उन्होंने दोनों ही क्वालीफाइंग मुकाबले में लैप का सबसे कम समय निकालकर सबको पछाड़ दिया। बेज्जेच्ची ने पहली क्वालीफाइंग में 1:45:9900 मिनट का समय निकाला। एम मार्क्वेज दूसरे और बी बाइंडर तीसरे स्थान पर रहते हुए क्वालीफाइंग-2 रेस के लिए चयनित हुए। जीपी क्वालीफाइंग रेस-2 में भी मार्को का फार्म बरकरार रहा। इसमें लूका मारिनी और हॉंडा टीम के जोन मीर ने उनको कड़ी टक्कर दी।

जे मार्टिन दूसरे और मौजूदा विश्व चैंपियन फ्रांसेस्को बगानिया तीसरे स्थान पर रहे

डुकाटी टीम के चार राइडर्स ने झटकी क्वालीफाइंग रेस में पहली चार पोजीशन

ग्रेटर नोएडा में मोटो जीपी बाइक रेस प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। -अमर उजाला

पहली पंक्ति में रहेगी डुकाटी बाइक सवारों की तिकड़ी

रविवार को होने वाले मोटो जीपी फाइनल में डुकाटी बाइक सवारों की तिकड़ी पहली पंक्ति में रहेगी। रेस में अव्वल आने और पूर्व के नंबरों के आधार पर पोल पोजीशन पर रहने वाले मार्को बेज्जेच्ची पहली पंक्ति में होंगे। वहीं जॉर्ज मार्टिन और विश्व नंबर एक फ्रांसेस्को बगानिया भी पहली पंक्ति में रेस की शुरुआत करेंगे।